पत्रांक-भवन/मु0अ0(प0)यो0प्राक0-1-65/18......282 (भ)......./पटना, दिनांक-........5.2.19

बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग

प्रेषक,

अमित कुमार,
सरकार के संयुक्त सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार (ले0 एवं हक0)
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

विषयः- सिंचाई भवन, पटना का जीर्णोद्धार एवं पुनर्विकास कार्य हेतु कुल राशि **₹32.98 करोड़ (बत्तीस करोड़ अंठानवे लाख रूपये)**मात्र का वित्तीय वर्ष 2018-19 में प्रशासनिक स्वीकृति।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक कार्य हेतु मुख्य अभियंता (निरुपण) का पत्रांक 1135(नि.) अनु0 दिनांक 01.11.2018 से प्राप्त तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन के आधार पर विषयांकित कार्य हेतु कुल **₹32.98 करोड़ (बत्तीस करोड़ अंठानवे लाख रूपये)**मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. इस कार्य पर व्यय की जानेवाली राशि मांग संख्या-03 भवन निर्माण विभाग के मुख्य शीर्ष-4059-लोक निर्माण कार्य पर पूँजीगत परिव्यय-उपमुख्यशीर्ष-01-कार्यालय भवन-लघुशीर्ष-051-निर्माण उपशीर्ष-0101-भवन विपत्र कोड-**03-4059010510101** के विषयशीर्ष-53-मुख्य निर्माण कार्य-**0101.53.01**के अन्तर्गत उपबंधित राशि से होगा।
3. उक्त स्वीकृत राशि के विरुद्ध वर्त्तमान वित्तीय वर्ष **2018-19** में विभाग के लिए संसूचित योजना उद्व्यय एवं बजट उपबंध के अधीन **5.00करोड़ (पाँच करोड़)** तक व्यय सीमित रहेगा एवं शेष राशि **₹27.98 करोड़ (सताईस करोड़ अंठानवे लाख रुपये)** का व्यय वित्तीय वर्ष **2019-20** में किया जायेगा।
4. इसके निकासी एवं व्यय पदाधिकारी, **कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल सं0-3, पटना** होंगे।
5. इस राशि की निकासी सचिवालय कोषागार, विश्वेश्वरैया भवन, बेली रोड, पटना से की जायेगी।
6. प्रस्तुत योजना की स्वीकृति मंत्रि परिषद द्वारा सं0सं0-भ0/मु0अ0(प0)यो0प्राक्0-1-65/18 के पृष्ठ-18/टि. पर दिनांक-02.01.2019 को प्रदान की गयी है जो संकल्प सं0-676(भ) दिनांक 21.01.2019 द्वारा अधिसूचित है।
7. वित्त विभाग के संकल्प संख्या-3758 दिनांक-31.05.2017 के आलोक में इस योजना की स्वीकृति प्रदान की गयी है।
8. प्रारूप पर आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति सं0सं0-भ0/मु0अ0(प0)यो0प्राक्0-1-65/18 के पृष्ठ-..21../टि0 पर प्राप्त है।
9. वित्त विभागीय परिपत्र सं0 7355 वि0(2) दिनांक 05.10.2007 के अनुसार इस राशि की निकासी में महालेखाकार के प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

विश्वासभाजन,
30/1/19
(अमित कुमार)
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक 282 (भ) पटना, दिनांक- 5.2.19

प्रतिलिपि-वित्त विभाग (बजट शाखा) एवं कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विश्वेश्वरैया भवन, बेली रोड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/1/19
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक 282 (भ) पटना, दिनांक- 5.2.19

प्रतिलिपि-आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता(पटना)/निरूपण उपभाग/निदेशक अनुश्रवण/अभियंता प्रमुख के सचिव प्रावैधिक/अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना/उप निदेशक-1 एवं 2 अनुश्रवण/कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल सं0-3, पटना/बजट पदाधिकारी/प्रशाखा पदाधिकारी (बजट)/माननीय मंत्री के आप्त सचिव/प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव/आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/1/19
सरकार के संयुक्त सचिव

बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग
संकल्प

6-16 (भ)
21/1/19
33

विषयः— ₹32.98 करोड़ (बत्तीस करोड़ अंठानवे लाख) की लागत पर सिंचाई भवन, पटना का जीर्णोद्धार एवं पुनर्विकास योजना की प्रशासनिक स्वीकृति।

सिंचाई भवन, पटना का पुनर्विकास/जीर्णोद्धार एवं इसके बेसमेंट पार्किंग इत्यादि का निर्माण कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। उक्त निर्माण योजना का प्लीन्थ एरिया 7051.52 वर्ग मीटर का होगा। विषयांकित निर्माण कार्य राज्य योजना के अन्तर्गत क्रमशः वित्तीय वर्ष 2018–19 में ₹5.00 करोड़ तथा वित्तीय वर्ष 2019–20 में शेष राशि ₹27.98 करोड़ का व्यय किया जायेगा।

2. सिंचाई भवन, पटना का जीर्णोद्धार एवं पुनर्विकास योजना पर राज्य मंत्रि परिषद द्वारा दिनांक 02.01.2019 की बैठक में मद संख्या–05 के रुप में स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसके आलोक में उक्त योजना के कार्यान्वयन हेतु कुल ₹32.98 करोड़ (बत्तीस करोड़ अंठानवे लाख) की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाती है।

3. इस योजना का व्यय मुख्य शीर्ष 4059–लोक निर्माण कार्य पर पूँजीगत परिव्यय–उपमुख्यशीर्ष–01–कार्यालय भवन–लघुशीर्ष–051–निर्माण उपशीर्ष–0101–भवन विपत्र कोड–03–4059010510101 के विषयशीर्ष–53–मुख्य निर्माण कार्य–0101.53.01–मुख्य निर्माण कार्य के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2018–19 में उपबंधित कुल ₹1,00,00,00,000/–(एक अरब) रुपये से वहन किया जायेगा।

4. वर्तमान वित्तीय वर्ष 2018–19 में योजना राज्य की उपलब्ध निधि से कार्यान्वित की जायेगी।

आदेशः— आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को बिहार राजपत्र के आगामी असाधारण अंक में सर्वसाधारण की जानकारी हेतु प्रकाशित किया जाए तथा इसकी प्रति सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्षों/महालेखाकार (ले0 एवं ह0), बिहार सहित अन्य सभी संबंधितों को प्रेषित की जाए।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,
11/1/19
(चंचल कुमार)
प्रधान सचिव

ज्ञापांक–भ0/मु0अ0(प0)यो0प्राक्–1–65/18 6-16 (भ) पटना, दिनांक– 21/1/19

प्रतिलिपि–अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय, गुलजारबाग, पटना को (दो हार्ड कॉपी एवं सी0डी0 के साथ) बिहार राजपत्र के आगामी असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

अनुरोध है कि इस संकल्प की पाँच सौ मुद्रित प्रतियाँ विभाग को अविलम्ब उपलब्ध करायी जाए।

प्रधान सचिव 11/1/19

ज्ञापांक–भ0/मु0अ0(प0)यो0प्राक्–1–65/18 6-16 (भ) पटना, दिनांक– 21/1/19

प्रतिलिपि–महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), बिहार वीरचंद पटेल पथ, पटना को (दो अतिरिक्त प्रति सहित) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रधान सचिव 11/1/19

ज्ञापांक–भ0/मु0अ0(प0)यो0प्राक्–1–65/18 6-16 (भ) पटना, दिनांक– 21/1/19

प्रतिलिपि– विकास आयुक्त, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना/मुख्य सचिव, बिहार के विशेष कार्य पदाधिकारी/सभी विभागीय प्रधान सचिव/सचिव/मा. मंत्री भवन निर्माण विभाग के आप्त सचिव/प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव/अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव/आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, भवन निर्माण विभाग/मुख्य वास्तुविद्/सभी मुख्य अभियंता (विद्युत सहित)/निरुपण उपभाग, निदेशक (अनुश्रवण)/उप निदेशक–1 एवं 2 अनुश्रवण/सभी अधीक्षण अभियंता/कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल एवं आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रधान सचिव 11/1/19

भवन निर्माण विभाग

....

भवन निर्माण विभाग के संलेख ज्ञापांक–12643 दिनांक– 19.12.2018 में सन्निहित प्रस्ताव मंत्रिपरिषद् की बैठक दिनांक–02.01.2019 में मद संख्या–05 के रूप में सम्मिलित किया गया। बैठक की कार्यवाही के अवतरण के साथ आपकी संचिका लौटायी जाती है।

5	₹32.98 करोड़ (बत्तीस करोड़ अंठानवे लाख) की लागत पर सिंचाई भवन, पटना का जीर्णोद्धार एवं पुनर्विकास योजना की प्रशासनिक स्वीकृति के संबंध में।	5.	स्वीकृत।

2.1.19

(उपेन्द्र नाथ पाण्डेय)
सरकार के विशेष सचिव
मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग

3.1.19

04/01/19

07.1.2019